**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 11.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. भारतीय रिज़र्व बैंक ने अप्रैल 2026 से मार्च 2029 की अवधि के लिए रणनीति रूपरेखा उत्कर्ष 2029 जारी की है।
2. द्वीपसमूह में 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' कार्य जारी– निदेशालय ने लोगों से स्व–गणना करने की अपील की।
3. आइलैंड फूड फेस्टिवल के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित।
4. जहाजरानी सेवा निदेशालय ने एम.वी. रानी लक्ष्मी की लिटिल अंडमान के लिए विशेष जलयान सेवा की व्यवस्था की है।

<><><><><><><>

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अप्रैल 2026 से मार्च 2029 की अवधि के लिए अपना मध्यम–अवधि के लिए रणनीति रूपरेखा उत्कर्ष 2029 जारी की है। इस रूपरेखा का उद्देश्य संस्था में व्यावहारिक उत्कृष्टता लाना है। आरबीआई ने कहा कि इस रूपरेखा में छह रणनीतिक स्तंभ शामिल हैं। इसके अनुसार, आरबीआई मुद्रा प्रबंधन का आधुनिकीकरण करने और अधिक कुशल सीमा–पार भुगतान के लिए केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा–सीबीडीसी का विस्तार करने की योजना बना रहा है। आंतरिक रूप से शीर्ष बैंक प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण करेगा और विनियमित संस्थाओं और जनता के साथ जुड़ाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस का विस्तार करेगा। यह उन्नत पर्यवेक्षी उपकरणों, स्वदेशी एआई प्रणाली और ई–कुबेर 3.0 जैसे अगली पीढ़ी के प्लेटफार्मों का विकास जारी रखेगा।

<><><><><><><>

भारत की जनगणना 2027 का पहला चरण 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' द्वीपसमूह में पहली अप्रैल, से शुरू हो गया है। 16 अप्रैल से 15 मई तक गणनाकारों द्वारा घरों से डेटा एकत्र करने हेतु क्षेत्र स्तर पर मकान सूचीकरण का कार्य जारी रहेगा। इस बार, जनगणना पूरी तरह से वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप की मदद से डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसमें आम जनता को विशेष सुविधा के रूप में 'स्व–गणना' का विकल्प दिया गया है। स्व–गणना की अवधि के दौरान, परिवार का कोई भी सदस्य पोर्टल

se.census.gov.in के माध्यम से परिवार का विवरण डिजिटल रूप से दर्ज कर सकता है। प्रक्रिया पूरी होने पर, एक विशिष्ट 'स्व–गणना आईडी' प्राप्त होगी, जिसे सत्यापन और प्रमाणीकरण के लिए गणनाकारों को देना होगा। जनगणना कार्य निदेशालय ने लोगों स्व–गणना सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

**<><><><><><><>**

लिटिल अंडमान में चल रहे 'लिटिल अंडमान प्रो 2026' में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों सहित लगभग 86 सर्फर्स भाग ले रहे हैं। कल दूसरे दिन पुरुष और महिला ओपन सर्फिंग शॉर्टबोर्ड और ओपन स्टैंड–अप पैडलबोर्ड प्रतियोगिता आयोजित की गई। सर्फिंग पुरुष ओपन में शिवराज बाबू ने 15.17, किशोर कुमार ने 15.00 और रमेश बुदिहाल ने 13.67 के स्कोर के साथ अपनी–अपनी हीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। सर्फिंग महिला ओपन में सृष्टि सेल्वम 9.50 और शुगर शांति बनारसे 9.63 अंकों के साथ प्रतियोगिता में शुरुआती बढ़त बनाने वाली प्रमुख खिलाड़ी बनकर उभरीं। आज 'मेन बैंक' पर पुरुषों के ओपन राउंड 2 और 3 तथा महिलाओं के क्वार्टर फाइनल मुकाबले होंगे। वहीं, 'सेकेंडरी बैंक' पर SUP स्प्रिंट और टेक्निकल श्रेणियों के सेमीफाइनल मैच आयोजित किए जाएंगे। कल इस चैंपियनशिप के समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**<><><><><><><>**

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से शहर के सभी क्षेत्रों में उपलब्ध जल संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनंतिम जल आपूर्ति कार्यक्रम जारी किया गया है। विस्तृत कार्यक्रम नगरपालिका परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे क्यू आर कोड स्कैन कर देखा जा सकता है।

**<><><><><><><>**

विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय, में ग्रुप 'सी' के पदों को अनुकंपा नियुक्ति के तहत भरने की प्रक्रिया चल रही है। इस उद्देश्य के लिए गठित समिति ने सभी आवेदनों की जांच कर सूची जारी की है। इस संबंध में उम्मीदवारों से 7 दिनों के भीतर दावे और आपत्तियां विभाग में जमा करने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

पर्यटन विभाग की ओर से 3 दिवसीय आइलैंड फूड फेस्टिवल, 'स्वाद, संस्कृति और परंपरा का उत्सव' विषय के साथ 17 से 19 अप्रैल तक प्रदर्शनी मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। इस संबंध में विभाग ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए व्यक्तियों, सांस्कृतिक संघों

और स्कूल–कॉलेज के छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। चयन ऑडियो–विजुअल रिकॉर्डिंग और प्रदर्शन की गुणवत्ता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे। प्रतिभागियों को पंजीकरण के लिए कार्यक्रम से 1 घंटा पहले रिपोर्ट करना होगा। इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियाँ 15 अप्रैल शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने एम.वी. रानी लक्ष्मी की लिटिल अंडमान के लिए विशेष जलयान सेवा की व्यवस्था की है। जहाज एम.वी. रानी लक्ष्मी कल सुबह 7 बजे फीनिक्स बे जेटी से लिटिल अंडमान के लिए प्रस्थान करेगा और उसी दिन रात 9 बजे लिटिल अंडमान से वापस श्री विजयपुरम के लिए रवाना होगा। इस यात्रा के लिए टिकट की बुकिंग आज सुबह 9 बजे से ई–टिकटिंग पोर्टल पर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक टिकट खरीदे जा सकते हैं।

इस बीच, एम.वी. स्वराज द्वीप आज सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। जहाज पर यात्रियों के चढ़ाने का कार्य सुबह 8 बजे से किया जाएगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत आईसीडीएस शहरी परियोजना की ओर से आंगनवाड़ी केंद्र फॉरेस्ट क्लब 1 में 'पोषण पखवाड़ा' मनाया गया। इस वर्ष का विषय 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना' रखा गया है। इस पहल का लक्ष्य मस्तिष्क के विकास को सुनिश्चित करने के लिए उचित पोषण, उत्तरदायी देखभाल, प्रारंभिक शिक्षा और एक सुरक्षित एवं पोषणयुक्त वातावरण पर ध्यान केंद्रित करना है। इस अवसर पर जागरूकता रैली, और विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी, आईसीडीएस शहरी परियोजना, होप फाउंडेशन, मुख्य सेविकाएं, ए.एन.एम, पोषण स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आम जनता उपस्थित थे। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने अपने संबोधन में पोषण पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

# समाचार पत्रों की सुर्खियां

**द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने 81 हजार करोड़ रूपये की ग्रेट निकोबार परियोजना–ग्रीन फील्ड तटीय शहर, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा एवं पर्यटन–मनोरंजन केन्द्र के विकास की योजना की सुर्खी के साथ इसे अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने लिटिल अंडमान में चल रहे लिटिल अंडमान प्रो 2026 के आयोजन को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूमिहीन लाभार्थियों को आवंटित भूमि का सीमांकन करने के समाचार को, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने रामनगर पंचायत की ओर से इको–टूरिज्म तट पर सीसीटीवी और वाई–फाई लगाने की मांग को प्रमुखता दी है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने सांसद बिष्णु पद रे द्वारा द्वीपसमूह में वन अतिक्रमण करने वाले परिवारों के पुनर्वास पर तत्काल कार्रवाई करने के अनुरोध के समाचार और जीएसएसएस स्वदेश नगर में आयोजित डीडीओ स्तरीय क्रॉस कन्ट्री दौड़ के समाचार अपने अखबार में मध्य में जगह दी है।

<><><><><><><>